52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 24.0°c | अधिकतम 28.5 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:43 सूर्यास्त : 7:05 | वर्ष : 52/ अंक : 219 | बृहस्पतिवार, 08 अगस्त 2024 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

अमृतवाणी

जिंदगी में
एक बात तो तय है
कि तय कुछ भी नहीं है...।

नेता विपक्ष के आचरण से लोकतंत्र की बुनियाद कमजोर हुई : जगदीप धनखड़

हम को उनसे वफा की है उम्मीद.....
जो नहीं जानते वफा क्या है.......

Bindals Papers Mills Limited
WRITING & PRINTING PAPER
SUGAR & ETHANOL
BHOPA ROAD, MUZAFFARNAGAR

Quantum UNIVERSITY
BHAGWANPUR
ROORKEE, UTTARAKHAND
7308080803
7308080804
www.quantumuniversity.edu.in

APL APOLLO SG TMT
MAZBOOTI KI BEMISAAL BUNIYAAD
FE 550 | FE 550D
EARTHQUAKE RESISTANT TMT BARS
WITH SHOCK-PROOF TECHNOLOGY

पतंजलि

उद्योग-व्यापार में प्रसिद्धि-समृद्धि-ख्याति
NO1 OOH
RESHU advertising Pvt. Limited
8899120120
www.reshuadvertising.com

52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 52/ अंक : 219 | बृहस्पतिवार, 08 अगस्त 2024 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-2

प्रदेश में एक अक्टूबर से होगी धान खरीद, खाद्य एवं रसद विभाग ने जारी की एमएसपी पर खरीद की समय सारिणी

लखनऊ, 7 अगस्त (एजेंसी)। प्रदेश सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत एक अक्टूबर से पश्चिमी यूपी और एक नवंबर से पूर्वी यूपी के जिलों में किसानों से सीधे धान की खरीद शुरू करने के निर्देश दिए हैं। खाद्य एवं रसद विभाग ने इस संबंध में समय सारिणी जारी कर दी है। प्रमुख सचिव, खाद्य एवं रसद आलोक कुमार ने बताया कि ई-टेंडर के माध्यम से हैंडलिंग ठेकेदारों की नियुक्ति, परिवहन के लिए ठेकेदारों की नियुक्ति पश्चिमी यूपी के जिलों में 25 अगस्त और पूर्वी यूपी के जिलों में 31 अगस्त तक कर ली जाएगी। धान व चावल के गुणवत्ता परीक्षण के लिए उपकरण की व्यवस्था 15 सितंबर तक पश्चिमी यूपी और 15 अक्तूबर तक पूर्वी यूपी के जिलों में हो जाएगी। चीनी के निर्यात की अनुमति देने की मांग रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कौशल विकास व उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने केंद्रीय मंत्री उपभोक्ता मामले खाद्य व सार्वजनिक वितरण विभाग प्रह्लाद जोशी को पत्र लिखकर चीनी के निर्यात की अनुमति देने की मांग की है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि पत्र में भारतीय चीनी और जैव-ऊर्जा निर्माता संघ ने आगामी मौसम 2024-25 के लिए लगभग 333 लाख टन चीनी उत्पादन का अनुमान लगाया गया है। उन्होंने कहा है कि घरेलू जरूरतों को देखते हुए लगभग 290 लाख टन की पूर्ति के बाद 133 लाख टन चीनी उपलब्ध होगी। यह 55 लाख टन के मानक चीनी भंडार से काफी अधिक है। चीनी की अधिशेष उपलब्धता घरेलू चीनी बाजार पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इससे चीनी की कीमतों में गिरावट आ सकती है। वहीं, अधिशेष भंडार चीनी मिलों पर इसके भंडारण लागत के कारण एक अतिरिक्त बोझ भी होगा। इसलिए चीनी के निर्यात की अनुमति देने से सही समय है। क्योंकि यह चीनी उद्योग के लिए एक वित्तीय बफर देगा। साथ ही किसानों के वर्तमान बकाया गन्ने के देनों का भुगतान भी कर सकेगा।

तिरंगे के लिए पैसे में भी घोटाले की आशंका

- ग्राम प्रधानों ने कहा कि प्रशासन के खाते में तिरंगे का पैसा नहीं देंगे
- ग्राम पंचायत निधि से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के खाते में मांगा था पैसा
- बीडीओ के बिना हस्ताक्षर आदेश में दिखी भ्रष्टाचार की आशंका
- प्रधानों ने कहा कि वे अपने पैसे से गांवों में हर घर लहरवाएंगे तिरंगा

मुजफ्फरनगर, 7 अगस्त (बु.)। प्रदेश सरकार द्वारा घर-घर तिरंगा अभियान के

आदेश के बाद ग्राम प्रधानों ने तिरंगे झंडो के नाम पर ग्राम पंचायत निधि से रुपया ना देने का निर्णय लिया है। उन्होंने इस मामले में भ्रष्टाचार की आशंका जताते हुए निधि के बजाय 15 अगस्त पर अपने निजी खर्चे से गांव में सभी घरों पर झंडे लगाने का निर्णय भी लिया। प्रदेश सरकार ने गत दिवस इस बार पंद्रह अगस्त पर घर-घर तिरंगा अभियान चलाने के आदेश जारी किए थे। इस लेकर जिले के सभी खंड विकास अधिकारियों ने ग्राम प्रधानों के लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए आदेश जारी किए थे। इसमें उन्हें ग्राम पंचायत निधि से डंडों के लिए पैसा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के खाते में जमा करने के निर्देश ग्राम प्रधानों को दिए थे। इसके बाद जनपद भर के सभी प्रधानों ने मीटिंग कर निर्णय लिया है कि सभी प्रधान राष्ट्रीय ध्वज के नाम पर सरकारी धन का प्रयोग नहीं करेंगे। स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाएंगे।

उन्होंने झंडे के पैसे में भ्रष्टाचार की आशंका जताते हुए कहा कि वे भ्रष्टाचार के लिए किसी भी खाते में पैसा नहीं देंगे। प्रशासन ने प्रत्येक ब्लाक और ग्राम पंचायत को झंडे के लिए निर्धारित रुपये ग्राम पंचायत निधि से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के दिए गए खाते में डालने का टारगेट दिया गया था। ग्राम प्रधानों ने अधिकारियों पर बिना किसी सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर के लिस्ट जारी करने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि इस हिसाब से जनपद से करोड़ों रुपये झंडे के नाम पर देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की आशंका भी जताई गई है। इसी के चलते ग्राम प्रधानों ने निधि से पैसा ना देने का फैसला किया। खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों को इस आशय के आदेश जारी किए गए हैं। इसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए झंडों का लक्ष्य निर्धारित करते हुए प्रति झंडा 20 रुपये की दर से पैसा जमा कराने के लिए कहा गया है। ग्राम प्रधानों को आशंका है कि 13 अगस्त से यह अभियान शुरू होना है और एक सप्ताह पहले ही इस तरह के आदेश जारी किए गए हैं। ऐसे में कब तक यह पैसा एकत्र होगा और किस आधार पर झंडों की खरीदारी की जाएगी, यह भी संदेहास्पद है। ज्ञात रहे कि नगर पालिका में भी प्रशासन द्वारा 55 वार्डों में 13 हजार तिरंगें झंडे के लिए बोर्ड फण्ड से खरीदने का दिया गया है। शासन की ओर से जारी आदेशों में यह भी कहा गया है कि निकाय झंडों की खरीद में अपनी निधि पर ही निर्भर न रहें, इसमें व्यापारिक, सामाजिक व अन्य संगठनों से भी सहयोग लें।

शासन ने दिए थे हर घर तिरंगा फहराने के आदेश

मुजफ्फरनगर, 7 अगस्त (बु.)। गत दिनों उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव और हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा के दौरान कहा था कि राज्य में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की विभिन्न ऐतिहासिक घटनाओं में काकोरी ट्रेन एक्शन अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रदेश सरकार काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी महोत्सव को पूरे राज्य में विभिन्न गतिविधियों के साथ वर्षपर्यंत धूमधाम से मनाएगी। इस वर्ष 13 से 15 अगस्त 2024 के मध्य प्रदेशव्यापी हर घर तिरंगा अभियान आयोजित किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश भर में व्यापक तैयारी करने के आदेश दिए गए थे। इसी के तहत सभी खंड विकास अधिकारियों ने तमाम ग्राम पंचायतों की निधि से पैसा उपलब्ध कराने के आदेश ग्राम प्रधानों को दिए थे।

गांव चौकड़ा में चोरी करने आये बदमाशों ने की फायरिंग, गोली की आवाज से भैंस मरी

पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने भैंस के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, अज्ञात बदमाशों पर केस दर्ज

मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त (बु.)। थाना चरथावल क्षेत्र के गांव चौकड़ा में बीती रात एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है। इसमें बदमाशों ने एक घर में चोरी का प्रयास किया और घर का मालिक जाग उठा, चोरों का सामना किया गया तो बदमाश फायरिंग करते हुए भाग खड़े हुए। बदमाशों को अपने मकसद में कामयाब नहीं होने दिया गया, लेकिन फिर भी व्यक्ति को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा। जिस व्यक्ति ने बदमाशों का सामना कर उनको उल्टे पांव दौड़ा दिया, उसकी भैंस गोली चलने की आवाज सुनकर दहशत में अपनी जान गवां बैठी। सूचना मिलने पर सीओ और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और भैंस के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

चरथावल के गांव चौकड़ा में मंगलवार की रात कुछ बदमाश चोरी के इरादे से घूमते हुए देखे गये। एक मकान के बाहर जब यह बदमाश खड़े थे तो मकान मालिक जाग गया। घर के बाहर संदिग्ध लोगों की आवाजाही होने पर उसने उनको ललकारा तो गोलियां चल गई। सीओ सदर राजू कुमार साव ने घटना के सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि रात्रि 1.30 बजे कुशलपाल पुत्र महाबीर निवासी ग्राम चोकड़ा द्वारा थाना चरथावल पुलिस को सूचना दी गई कि रात्रि में कुछ बदमाश उनके घर के बाहर आये। जैसे ही उनको बदमाशों का आभास हुआ वो घर से बाहर निकले तो बदमाशों द्वारा भागते हुए फायर कर दिया गया। फायरिंग की आवाज से दहशत में आई उनके घर की एक भैंस ने दम तोड़ दिया। सूचना पर तत्काल चरथावल पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। सीओ ने बताया कि पुलिस ने जांच पड़ताल की। भैंस के कोई जाहिरा इंजरी नही पाई गई है। पुलिस कर्मियों ने भैंस के शव को पोस्टपार्टम की कार्यवाही हेतु भेजा गया है। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित से तहरीर लेकर कार्यवाही प्रारम्भ कर दी है।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित

प्रयागराज। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के खिलाफ दाखिल याचिका पर बहस करते हुए अधिवक्ता राजेश कुमार सिंह ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, भारतीय संविधान के प्रावधानों के साथ सुप्रीम कोर्ट एसआर बोम्मई के मामले में दी गई विधि व्यवस्था का हवाला दिया। कहा कि कैबिनेट मंत्री द्वारा संविधान की शपथ लेने के बाद भारत की संप्रभुता की रक्षा का उसका दायित्व है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरकार से बड़ा पार्टी संगठन का बयान दिए जाने पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के खिलाफ दाखिल जनहित याचिका पर लंबी सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया है। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। अधिवक्ता मंजेश कुमार यादव की ओर से दाखिल जनहित याचिका में उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य के बयान को संप्रभुता पर हमला बताया गया है।

बंधन बैंक कर्मचारी से 60 हजार रुपये लूटे, पैर में गोली मारी

जानसठ, 07 अगस्त (बु.)। जानसठ-खतौली मार्ग के पास गढ़ी बाइपास पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने बंधन बैंक के कर्मचारी से तमंचों के बल पर 60 रुपये की नकदी और मोबाइल लूट लिया। लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने कर्मचारी को पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने कर्मचारी को सीएचसी पर भर्ती कराया। जानसठ से खतौली मार्ग पर गांव भलेड़ी के पास स्थित बंधन बैंक में थाना तितावी क्षेत्र के गांव अलीपुर खुर्द निवासी 35 वर्षीय प्रविंद्र कुमार पुत्र रामकुमार नौकरी करता है। बुधवार की दोपहर को लगभग 12 बजे बैंक कर्मचारी प्रविंद्र कुमार गांव गढ़ी से बाइक द्वारा रुपये कलेक्शन करके वापस गांव भलेड़ी के पास स्थित बैंक में वापस जा रहा था। जानसठ-खतौली मार्ग के पास पहुंचते ही पीछे से

आए बाइक सवार तीन बदमाशों ने बैंक कर्मचारी को घेर लिया। परविंदर कुमार ने बताया कि दो बदमाश नकाबपोश थे, जबकि तीसरे ने नकाब नहीं लगाया हुआ था। बदमाशों ने आते ही उसे यह कहकर रुकने के लिए कहा कि वह किसी महिला को छेड़कर आया है। कर्मचारी के रुकने पर बदमाशों में तमंचों के बल पर 60 हजार रुपयों की नगदी से भरा बैग और मोबाइल लूट लिया। लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने बैंक कर्मचारी के पैर में गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गया। लूट के बाद बदमाश बाइक पर बैठकर वापस उसी दिशा में जिस दिशा से आए थे फरार हो गए। वहां से गुजरने वाले लोगों ने घायल बैंक कर्मचारी को उठाया और लूट की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल बैंक कर्मचारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है। फिलहाल बदमाशों का अभी तक पता नहीं चल सका है। सीओ यतेंद्र नागर ने भी घायल बैंक कर्मचारी से घटना की जानकारी ली। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

करंट से साले की मौत पर दुख जताने आए बहनोई की भी करंट लगने से मौत

शामली, 7 अगस्त (बु.)। झिंझाना के गांव मंसूरा में दस दिन पहले करंट लगने से 17 साल के लड़के की मौत हो गई। इसे लेकर दुख जताने आए जीजा को भी मंगलवार रात करंट लगा और उसने भी दम तोड़ दिया। बताया गया है कि झिंझाना के गांव मंसूरा में ससुराल में आए तैयब की मंगलवार देर रात करंट लगने से मौत हो गई। दस दिन पूर्व मृतक के साले की भी इसी घर में करंट लगने से मौत हो गई थी। तभी से तैयब ससुराल में ही रह रहा था। 30 जुलाई को मंसूरा गांव में 17 वर्षीय खालिद पुत्र गय्यूर की घर के आंगन में बंधे तार पर कपड़े लटकाते समय करंट लगने से मौत हो गई थी। उसकी मौत की सूचना पर खालिद की बड़ी बहन मेहसरीन अपने पति 27 वर्षीय तैयब निवासी बिस्सल हेडा जिला सहारनपुर के साथ मंसूरा आई थी। तभी से मेहसरीन अपने पति के साथ मंसूरा में ही रह रही थी। बीती रात्रि घर के अंदर पंखे का तार लगाते समय तैयब करंट की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। साले व बहनोई की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक कपड़े की फेरी कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था।

रिमझिम से सुकून, अभी झमाझाम के आसार

मुजफ्फरनगर, 7 अगस्त (बु.)। नगर में आज थोड़ी ही सही 11.4 मिमी रिमझिम बारिश होने से मौसम में काफी राहत मिली और तापमान पांच डिग्री गिरकर अधिकतम 28.5 और न्यूनतम 24.0 डिग्री पर दर्ज किया गया। आज उमस से राहत मिली और पंखों की हवा में भी ठंडक महसूस हुई। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह के आखिर तक दिल्ली और उसके आसपास मानसून गतिविधि के लिए ट्रफ की स्थिति अनुकूल बनी हुई है। अगले सप्ताह भी ऐसे ही हालात रहने की संभावना है।

नैनीताल घूमने पहुंचा मुजफ्फरनगर का युवक नकली नोटों समेत थमा

मंसूरपुर का निवासी है युवक, तीन साथी हुए फरार

मुजफ्फरनगर, 7 अगस्त (बु.)। मुजफ्फरनगर से नैनीताल घूमने गए एक युवक को स्थानीय कारोबारियों ने नकली नोट के साथ दबोच लिया। पुलिस ने तलाशी ली तो आरोपी के पास से पांच सौ के चार नकली नोट, जबकि दुबई के 200 दिरहम के 17 संदिग्ध नोट बरामद हुए हैं। युवक के तीन साथी फरार हैं। पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज करते हुए उसके फरार साथियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मुजफ्फरनगर के मंसूरपुर क्षेत्र के गांव पुरबालियान निवासी अकील बालियान अपने तीन दोस्तों के साथ नैनीताल घूमने आया गया था। पार्किंग में वाहन पार्क करने के बाद चारों मल्लीताल बाजार में घूमने लगे। बड़ा बाजार क्षेत्र में शुभांजलि कलेक्शन में युवक अंडर गारमेंट्स खरीदने पहुंचे। दुकान में दुकान स्वामी कन्हैया जायसवाल का बेटा बैठा हुआ था। युवकों ने अंडर गारमेंट्स खरीदने के बाद जेब से 500 की गड्डी निकालकर एक नोट दिया। नोट के नकली होने का अंदेशा होने पर सीसीटीवी फुटेज अन्य दुकानदारों को भेजकर संबंधित युवकों की तलाश करने को कहा। दोपहर में मॉलरोड क्षेत्र में अकील को दबोच लिया और कोतवाली ले आए। यहां पुलिस ने तलाशी ली तो युवक के पास से असली नोटों के साथ ही पांच सौ के चार नकली भी नोट बरामद हुए। इसके अलावा दुबई के 200 दिरहम के 17 संदिग्ध नोट भी मिले। पुलिस ने बैंक में नोटों की जांच कराई तो नोट नकली पाए गए। पूछताछ में युवक ने बताया कि उसके साथ आए तीन साथियों में से एक साथी दुबई में कार्य करता है। रास्ते में उसके दुबई वाले साथी ने उसको नकली नोट दिए। इधर युवक के पकड़े जाने के बाद उसके तीनों साथी अपनी कार लेकर फरार हो गए। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि दुकान स्वामी कन्हैया जायसवाल की तहरीर पर पुलिस ने यूपी के मुजफ्फरनगर जिले के थाना मंसूरपुर क्षेत्र के गांव पुरबालियान नियर चांद मस्जिद निवासी अकील बालियान (28) के खिलाफ संबंधित धारा में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

उत्तर बंगाल में घुसपैठ की बड़ी कोशिश नाकाम

कोलकाता। बांग्लादेश में अराजकता के बीच भारत में घुसपैठ की बड़ी कोशिश नाकाम की गई है। बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आज शाम बांग्लादेशी नागरिकों का एक बड़ा समूह उत्तर बंगाल से लगे अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर कई जगहों पर जमा हुआ और इस दौरान वे भारतीय क्षेत्र में घुसने का प्रयास कर रहे थे। मौके पर मोर्चा संभालते हुए बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश, नागरिक प्रशासन और बीएसएफ कर्मियों की मदद से वहां हटाया गया है।

एडीएम के दखल पर हटाया टोल प्लाजा का अवैध बैरियर

टोल प्लाजा मैनेजर रखेंगे अफसरों के समक्ष अपना पक्ष

मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त (बु.)। सहारनपुर-मुजफ्फरनगर स्टेट हाईवे पर बने टोल प्लॉजा के समीप रोहाना खुर्द जाने वाले मार्ग पर टोल प्लॉजा द्वारा बूथ व बैरियर बनाकर रास्ता रोके जाने के मामले में मिली शिकायत के आधार पर एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने पुलिस को बैरियर हटवाकर गांव का रास्ता खुलवाने के आदेश पर रोहाना चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने टोल पर पहुंचकर गांव के रास्ते पर लगाए बैरियर को हटवाया। इसे लेकर पुलिस और टोल कर्मियों में काफी देर तक बहस होती रही, लेकिन पुलिस एडीएम का आदेश बता कर बैरियर हटवाकर

चली आई।

बता दें, वर्ष 2018 में रोहाना खुर्द में सहारनपुर-मुजफ्फरनगर स्टेट हाईवे पर टोल प्लॉजा बना था, जिसका संचालन देवबंद हाईवेज प्रा. लि. द्वारा किया जा रहा है। यहां टोल शुल्क से बचने के लिए टोल से करीब 20 मीटर दूर रोहाना खुर्द मार्ग वाहन चालक प्रयोग करते रहे हैं। जिससे टोल प्लाजा को आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है। कई साल से यहां पर टोल प्लाजा द्वारा बूथ बनाकर कुछ कर्मचारियों की तैनाती की गई और यहां बैरियर लगाकर यहां से जाने वाले वाहनों की जांच पड़ताल की जाने लगी। आरोप है कि यहां गांव के वाहनों से भी जबरन टोल शुल्क वसूला जाने लगा है। इसकी शिकायत पर एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह ने शहर कोतवाली पुलिस को आदेश दिये कि रोहाना खुर्द वाले मार्ग पर टोल प्लाजा द्वारा बनाये बैरियर व बूथ को तत्काल प्रभाव से हटवाया जाये। बुधवार को रोहाना चौकी इंचार्ज पुलिस फोर्स के साथ रोहाना टोल प्लाजा पर पहुंचे और रोहाना खुर्द मार्ग पर टोल प्लाजा द्वारा लगाए गए बैरियर को हटवाने के साथ टोल मैनेजर को वहां पर बनाया बूथ भी हटवा लेने के निर्देश दिये।

इन्होंने कहा- रोहाना टोल प्लाजा के मैनेजर ब्रिजेन्द्र बिक्रम सिंह ने बताया कि हाईवे अथॉरिटी के रूल के अनुसार टोल प्लाजा के 20 से 25 मीटर दायरे में आने वाले अप्रोच रोड पर टोल शुल्क वसूले जाने के लिए बैरियर लगाया जा सकता है। इसके लिए हाईवे अथॉरिटी से अनुमति मिलने के बाद साल 2018 में रोहाना खुर्द मार्ग पर जो कि टोल का अप्रोच रोड है पर बैरियर लगाया गया। यहां पर गांव के लोगों से आईडी देख निःशुल्क आवागमन कराया जा रहा है, लेकिन टोल शुल्क बचाने को दूसरे लोग अपने वाहन यहीं से निकालते हैं, इससे टोल को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। आज पुलिस ने बैरियर हटवा कर कुछ वाहनों को निकलवाया है। हम हाईवे अथॉरिटी आदेश एडीएम से मिलकर दिखायेंगे।

मोरना के फर्नीचर कारोबारी को भोपा रोड पर पीट-पीटकर किया अधमरा

- एसडी कॉलेज के मैदान में लघुशंका के दौरान शराब पी रहे चार युवकों से हुआ विवाद
- डेढ़ लाख रुपये छीनने का भी लगाया पीड़ित ने आरोप, पुलिस कर रही है मामले की जांच

मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त (बु.)। मोरना से शहर में कारोबारियों को भुगतान करने आये फर्नीचर व्यापारी को चार युवकों ने मारपीट कर अधमरा कर दिया। गंभीर अवस्था में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि इन युवकों से लघुशंका के दौरान विवाद हो गया था। मारपीट के साथ इन युवकों पर डेढ़ लाख रुपये का कैश लूट ले जाने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी ली।

मोरना निवासी श्याम कुमार फर्नीचर का कारोबार करते हैं। अक्सर वो मोटर साइकिल पर शहर आते हैं। मगर बुधवार को बारिश होने के कारण यहां के कारोबारियों को खरीदे गये माल का भुगतान करने के लिए श्याम कुमार बस से मुजफ्फरनगर आये थे। श्याम कुमार भोपा रोड पर एसडी डिग्री कॉलेज के पास शाम को मैदान में लघुशंका करने के लिए गये थे। जहां पर पहले से ही मौजूद चार युवकों से उनका विवाद हो गया। आरोप है कि इन युवकों ने फर्नीचर व्यापारी की बुरी तरह पिटाई की। जिसमें वो गंभीर रूप से घायल हो गये। श्याम कुमार ने अपने परिचित व्यापारी सोनू भाटिया को इसकी जानकारी दी। इसके बाद उन्हें गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलते ही, उसके परिजन भी रात में ही यहां पहुंच गये। पुलिस भी जानकारी मिलते ही जिला अस्पताल पहुंची। परिजनों का कहना है कि श्याम कुमार पेमेंट के लिए घर से डेढ़ लाख रुपये लेकर आये थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस इस पूरे प्रकरण को संदिग्ध मान रही है।

जानलेवा हमले के आरोपी को तमंचे समेत दबोचा

मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त (बु.)। थाना सिविल लाइन पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को तमंचे समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद उसका चालान कर जेल भेज दिया।थाना प्रभारी सिविल लाइन ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि अप्रैल माह में एक युवक पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी थी। इस मामले में विजय मलिक निवासी काजीखेड़ा थाना तितावी वांछित चल रहा था। पुलिस ने वांछित आरोपी को बझेड़ी अंडरपास के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से एक तमंचा भी बरामद हुआ है, जो उसने इस हमल में प्रयोग किया था। गिरफ्तार किये गये आरोपी पर कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। उसको जेल भेज दिया गया।

बिजली का करंट लगने से महिला की हुई मौत

बुढ़ाना, 7 अगस्त (बु.)। बिजली का करंट लगने से एक महिला की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव सफीपुर निवासी विकास उर्फ विक्की उपाध्याय की 25 वर्षीया पत्नि शिवानी लाइट के आ जाने पर आज बुधवार की सुबह घर में रखा हुआ फ्रिज साफ कर रही थी। बराबर में लोहे की अलमारी रखी थी कि अचानक से फ्रिज साफ करते हुए शिवानी का हाथ लोहे की अलमारी को छू गया, जिससे जमीन का अर्थ लेते हुए शिवानी को जोरदार का करंट लग गया। तब उसको एक झटका लगा और वह दूर जा गिरी। उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। उसका पति विक्की उर्फ विकास बुढ़ाना सामान लेने गया हुआ था। जब वह घर पहुंचा, तो देखा चूल्हे पर दूध उबल रहा है और शिवानी जमीन पर पड़ी है, तो जैसे ही उसने शिवानी को हाथ लगाया, तो उसको भी करंट लग गया और वह भी दूर जा गिरा। उसने शोर मचा दिया, तो शेर शराबा सुनकर मौके पर आस पड़ौस के लोग आ गये और उन्होंने माजरा जानकर विद्युत लाइन कट की और शिवानी व उसके पति को बुढ़ाना अस्पताल में भिजवाया, जहां पर डॉक्टर ने शिवानी को मृत घोषित कर दिया और उसके पति को उपचार के बाद छुट्टी दे दी। उधर मृतका शिवानी के परिजनों को भी जैसे ही इस घटना की खबर मिली, तो वे भी गांव सफीपुर आ गये और 112 नंबर डायल कर मौके पर आई पुलिस को घटना की सूचना दी। उधर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर उक्त मामले की जांच शुरू कर दी है।

श्रीलंका के खिलाफ 27 वर्षों में पहली बार भारत ने हारी वनडे सीरीज

कोलंबो, 7 अगस्त (एजेंसी)। भारतीय बल्लेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन श्रीलंका के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में भी जारी रहा और टीम को इस मैच में 110 रनों की करारी हार का सामना करना पड़ा। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में सात विकेट पर 248 रन बनाए थे। जवाब में भारत की पूरी टीम 26.1 ओवर में 138 रन पर ऑलआउट हो गई। भारतीय बल्लेबाजी क्रम एक बार फिर श्रीलंकाई स्पिनरों के सामने बेदम नजर आया और कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम की टर्न लेती पिच पर संघर्ष करता दिखा। श्रीलंका के लिए स्पिनर दुनिथ वेलालागे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट झटके और भारतीय पारी को लड़खड़ाने में अहम योगदान निभाया।

रामपुर तिराहा कांड: आम गवाह के बेटे ने कोर्ट में पेश की मृत्यु प्रमाण पत्र की मूल कॉपी

राधा मोहन द्विवेदी मामले में अब 13 अगस्त को होगी कोर्ट में अगली सुनवाई

मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त (बु.)। अलग राज्य की स्थापना को लेकर हुए रामपुर तिराहा कांड के मामलों की कोर्ट में सुनवाई चल रही है। ऐसे में इस कांड से जुड़े राधा मोहन द्विवेदी बनाम सरकार के मामले में प्रकरण के एक आम गवाह की मौत हो जाने के कारण बुधवार को उसके पुत्र द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र की मूल कॉपी कोर्ट में पेश की गई। अब इस मामले की सुनवाई 13 अगस्त को होगी।

एक अक्तूबर 1994 की रात में अलग राज्य की मांग के लिए चलाये जा रहे आंदोलन में भाग लेने के लिए दिल्ली जा रहे आंदोलनकारियों को पुलिस ने रामपुर तिराहे पर रोक लिया था। इसके बाद टकराव होने पर पुलिस ने फायरिंग कर दी थी, इसमें सात आंदोलनकारियों की मौत हो गयी, जबकि महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म और लूटपाट के आरोप भी सामने आये थे। ऐसे ही एक मामले में पीएसी के दो रिटायर्ड जवानों के दोषी पाये जाने पर उनको सजा भी सुनाई जा चुकी है। अब रामपुर तिराहा कांड से ही जुडे राधा मोहन द्विवेदी बनाम सरकार केस की सुनवाई पोक्सो कोर्ट-2 के विशेष न्यायाधीश अंजनी कुमार के समक्ष विचाराधीन है। बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि इस केस में आम गवाह वेद प्रकाश से जिरह होनी थी, लेकिन अभियोजन ने कोर्ट को बताया कि वर्ष 2016 में उनकी मृत्यु हो गई। इसके लिए मंगलवार को हुई सुनवाई में अभियोजन ने वेदप्रकाश के मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति पेश की थी, जिसे कोर्ट ने नकारते हुए आदेश दिये थे कि बुधवार को वेदप्रकाश के मृत्यु प्रमाण पत्र की मूल प्रति पेश की जाये। बुधवार को मृतक गवाह वेद प्रकाश के बेटे ने मृत्यु प्रमाण पत्र की मूल कापी कोर्ट में पेश की, जिसके बाद उसकी छाया प्रति प्रकरण की पत्रावली में जमा कर ली गई। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 13 अगस्त की तिथि नियत की है। दूसरी ओर रामपुर तिराहा कांड से जुड़े दो अलग मामलों सरकार बनाम एसपी मिश्रा व सरकार बनाम ब्रज किशोर की सुनवाई सिविल जज सीनियर डिवीजन कोर्ट में चल रही है। बुधवार को सरकार बनाम एसपी मिश्रा मामले में समन न मिल पाने के कारण गवाह कोर्ट में पेश नहीं हो सका। जबकि सरकार बनाम ब्रजकिशोर मामले में एफआईआर लिखने वाले पुलिस कर्मी की गवाही न होने को लेकर बचाव पक्ष की ओर से आपत्ति लगाई गई। इन दोनों प्रकरण की सुनवाई के लिए 14 अगस्त की तिथि मुकर्रर की है।

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

भाकियू के कार्ड के दुरुपयोग पर नरेश टिकैत हुए नाराज

कहा : टोल पर यूनियन का कोई कार्ड नहीं चलेगा

मुजफ्फरनगर, 7 अगस्त (बु.)। भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि टोल पर भाकियू के कार्ड को ड्रामा बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि बाजे बाजे ने तो दुकान ही बना ली। रोज पचास वाहनों की शिकायत आ रही है। उन्होंने कहा कि कोई भी भाकियू के कार्ड का इस्तेमाल ऐसे काम के लिए नहीं किया जाएगा।

भाकियू की एक सभा को संबोधित करते हुए यूनियन के अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि उनके पास शिकायतें आ रही हैं कि यूनियन के कार्ड को टोल पर इस्तेमाल किया जा रहा है। रोज पचास-साठ वाहन ऐसे कार्डों पर निकलते हैं। यो पता नी कार्ड का क्या खाड़ा जोड़ दिया। कुछ लोगों ने तो इसकी दुकान ही बना रखी है। रात में उनके पास फोन आते हैं कि हमारा वाहन पकड़ लिया। इससे वे परेशान हैं। चौधरी टिकैत ने कहा कि अब कोई यूनियन के कार्ड का इस्तेमाल नहीं करेगा। यूनियन की सदस्यता की दस रुपये की रसीद है। उसे दिखाकर कोई हांगामारी कर सकता है तो कर ले। जो कोई अन्य यूनियन कार्ड चलाती है तो चलाए। भाकियू के कार्ड का दुरुपयोग ना करें।

पुलिस ने बिजली का तार चुराने वाले दो को दबोचा

मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त (बु.)। थाना सिविल लाइन पुलिस ने बिजली का तार चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर चोरी का तार बरामद किया है। दोनों चोरों को पुलिस ने जेल भेज दिया गया। आवास विकास कालोनी निवासी सागर मालिक ने थाना सिविल लाइन में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि अज्ञात चोरो ने उसके मकान के बाहर पड़ा बिजली का तार चोरी कर लिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ताजिम निवासी कुंगर पट्टी सुजडू व आस मोहम्मद उर्फ आसु निवासी खालसा पट्टी सुजडू को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी का बिजली का तार बरामद किया है।

थूक लगाकर मसाज करने वाला किया गिरफ्तार

कन्नौज, 7 अगस्त (एजेंसी)। जिले के तालग्राम में सैलून में ग्राहक को थूक लगाकर मसाज करते वीडियो वायरल होने के बाद आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। थाना तालग्राम कस्बा मोहल्ला जेर किला निवासी यूसुफ उर्फ बौरा के खिलाफ उप निरीक्षक दिनेश चंद्र ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। वह तालग्राम कस्बा के छिबरामऊ चौराहे पर एक खोखा रखकर उसमें सैलून का संचालन करता है। वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि सैलून संचालक अपनी दुकान में एक ग्राहक के चेहरे का मसाज करते समय थूक लगा रहा है। वह अपने ही मोबाइल से इसका वीडियो भी बना रहा है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हिंदू संगठन के लोगों में सैलून दुकानदार की इस घिनौनी हरकत पर नाराजगी जताई है। प्रशिक्षु सीओ कपूर कुमार ने वायरल वीडियो की छानबीन की। सीओ सदर कमलेश कुमार ने थाने पहुंच कर पूछताछ की, लेकिन मूक-बधिर होने के कारण आरोपी अपनी बात इशारे में बताता रहा। एसपी अमित कुमार आनंद का कहना है कि इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। अग्रिम कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा। बताया गया है कि कुछ साल पहले बस स्टॉप पर एक धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए होर्डिंग लगाई गई थी। घिनौनी हरकत करने वाले के छोटे भाई ने फाड़ कर जला दी थी। विरोध करने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर शांतिभंग की कार्रवाई की थी। मामले को लेकर पुलिस की सक्रियता और जांच के चलते छिबरामऊ बस स्टॉप पर सैलून की दुकानें बंद रहीं। गिरफ्तार युवक पिता, भाइयों की तीन सैलून दुकानें हैं।

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

ओलम्पिक और सोशल मीडिया

खेलों के प्रति देशवासियों का उत्साह अलग ही रहता है। हर खेल पर लोग सोशल मिडिया पर सक्रिय रहते हैं। पेरिस ओलम्पिक 2024 को लेकर भी लोग सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय है। कल विनेश फोगाट को अयोग्य घोषित कर दिया गया, इसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट की बाढ़ आ गयी। यह एक भारतीय खिलाड़ी के अयोग्य होने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, लेकिन जिस तरह की प्रतिक्रियायें सामने आ रही हैं वे हैरान करने वाली हैं। पूरा देश विनेश फोगाट के साथ है, लेकिन कुछ तत्व इसमें भी निचले दर्जे की सियासत लिए बैठे हैं। सोशल मीडिया पर लोग जयराम रमेश, कंगना राणावत को ट्रोल कर रहे हैं कहा जा रहा है कि जयराम रमेश, कंगना राणावत जैसे नेताओं की टिप्पणियां विवेक से अलग दिखाई दे रही हैं। बांग्लादेश के मामले पर सलमान खुर्शीद को भी उनके एक बयान के चलते ट्रोल किया जा रहा है। पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के लिए दो पदक जीतने वाली मनु भाकर बुधवार को स्वदेश लौटीं। दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचते ही पहले से उनके इंतजार में खड़े फैंस ने निशानेबाज का भव्य स्वागत किया। इस दौरान मनु के माता-पिता भी मौजूद रहे। मनु के साथ उनके कोच जसपाल राणा का भी जोरदार स्वागत हुआ। मनु ने कहा 'बेहद खुशी है इतना प्यार मिल रहा है'। फैंस ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। कुछ फैंस को मनु के साथ सेल्फी लेने का भी मौका मिला। एक तरफ देश दो पदक जीतने वाली मनु भाकर का स्वागत कर रहा था, तो दूसरी तरफ यह खबर आई कि विनेश फोगाट को अयोग्य घोषित कर दिया गया। निश्चित रूप से यह दुर्भाग्यपूर्ण है उससे भी अधिक दुर्भाग्यपूर्ण अंट शंट बयान बाजी और पोस्ट हैं। जब यह खबर आई कि पेरिस ओलंपिक 2024 में विनेश फोगाट ने 50 किग्रा कुश्ती के सेमीफाइनल मैच में क्यूबा की युसनेलिस गुजमैन लोपेज को 5-0 से हराकर इतिहास रच दिया, वो ओलंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान हैं। तभी कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी पर एक पोस्ट के जरिए कटाक्ष कर दिया। उन्होंने कहा कि विनेश फोगाट का पेरिस ओलंपिक में सिल्वर या गोल्ड मेडल पक्का है, क्या नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमन्त्री उन्हें कॉल करेंगे? लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि उस शर्मनाक घटना के लिए माफी मांगने के लिए जब महिला पहलवानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस ने उनके साथ घिनौना व्यवहार किया था? इस पोस्ट के बाद जय राम रमेश को भी लोगों के कटाक्ष झेलने पड़े। बाद में यह खबर आ गयी कि विनेश फोगाट को अयोग्य घोषित कर दिया गया है। जयराम रमेश की किरकिरी तब और ज्यादा हो गयी जब प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने इस मामले को लेकर आईओए अध्यक्ष पीटी ऊषा से बातचीत की। साथ ही उन्होंने कड़ा विरोध दर्ज करने को कहा है। पीएम मोदी ने ट्विट कर विनेश को प्रोत्साहित किया है। पेरिस ओलंपिक 2024 से विनेश के अयोग्य घोषित होने पर प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने दुख जताया है। साथ ही उन्होंने विनेश को प्रोत्साहित भी किया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि, विनेश! आप चैंपियनों में एक चैंपियन हैं! आप भारत का गौरव हैं और प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा हैं। आज की असफलता दुख देती है। उन्होंने कहा कि, काश मैं शब्दों में उस निराशा की भावना को व्यक्त कर पाता, जो मैं अनुभव कर रहा हूँ। साथ ही, मुझे पता है कि आप लचीलेपन की प्रतिमूर्ति हैं। चुनौतियों का सामना करना हमेशा से आपका स्वभाव रहा है। और मजबूत होकर वापस आओ! हम सब तुम्हारे साथ हैं। जयराम रमेश इससे पहले भी अपनी किरकिरी करवा चुके हैं। जयराम रमेश ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पर बड़ा आरोप लगाते हुए यह दावा किया था कि उसने 448 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है। रमेश का आरोप था कि एनटीए ने यह मुनाफा पिछले छह वर्षों में परीक्षाओं के आयोजन के माध्यम से कमाया है। इस पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने जवाब दिया है। जयराम रमेश के लगाए आरोपों का खंडन करते हुए एजेंसी ने कहा कि यह पूरी तरह से अपूर्ण समझ और तथ्यों पर आधारित है। जयराम रमेश के पीएम पर कटाक्ष की पोस्ट के बीच भाजपा सांसद कंगना राणावत ने एक पोस्ट की, कंगना ने विनेश फोगाट को फाइनल में पहुंचने की बधाई दी, कंगना ने लिखा, भारत के पहले गोल्ड मेडल का इंतजार है। विनेश फोगाट ने एक समय पर प्रोटेस्ट में हिस्सा लिया था, जहां उन्होंने प्रधानमन्त्री मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगाए थे। फिर भी उन्हें देश को रिप्रेजेंट करने का मौका मिला, बेस्ट ट्रेनिंग, कोच और सुविधाएं मिली। ये ही महान भारत और लोकतंत्र की खूबसूरती है। यह सब चल ही रहा था कि खबर आ गयी कि विनेश फोगाट खाली हाथ लौटेंगी। इसके बाद सोशल मीडिया पर लोग सक्रिय हो गये। एक दूसरे से भिड़ते दिखाई दिए, जबकि ज्यादा तादाद उन लोगो की है, जिन्हें वास्तव में विनेश फोगाट के वज्न बढ़ने का अफसोस है। उसके बाद उन लोगों की तादाद है, जो इस खेल में किसी खेल की आशंका जता रहे हैं। कल विनेश फोगाट और बांग्लादेश से जुड़े बयान ही चर्चाओं में रहे, सलमान खुर्शीद के एक बयान पर भाजपा ने आपत्ति जताई है। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि बांग्लादेश में जो हो रहा है, वह भारत में भी हो सकता है। उनके इस बयान पर बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का कहना है कि जहां तक बांग्लादेश का सवाल है, तो वह भारत सरकार के साथ खड़ी है, क्योंकि यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। इस पर कोई राजनीति नहीं की जानी चाहिए, लेकिन सलमान खुर्शीद जैसे नेता भारत के लोगों को यह कहकर भड़काने की कोशिश करते हैं कि जो हिंसा वहां हुई, वह भारत में भी हो सकती है। यह कांग्रेस पार्टी द्वारा ₹राष्ट्रनीति₹ के ऊपर ₹राजनीति₹ करने का एक और उदाहरण है। सलमान खुर्शीद के बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा, यह भारतीय लोकतंत्र का मजाक उड़ाने वाला बयान है। इंदिरा गांधी ने 1975 में तानाशाही की पराकाष्ठा करते हुए देश में आपातकाल लगाया था। अभी भी कांग्रेस के नेताओं के अंदर आपातकाल की आत्मा घूम रही है, बांग्लादेश में मंदिर तोड़ना, हिंदूओं को मारना, विपक्षी नेताओं को चुन-चुन कर मारना, इस पर कांग्रेस के लोग तालियां बजा रहे हैं? किस बात की खुशी हो रही है? ये सोच ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

चार तीर

सुनील उत्सव

"जहर" "जबां" "मुश्किल" "झूट"

जहर है जिनकी जबां पर उनको खुल्ला छोड़ना।
देश भक्तों के दिलों को धीरे-धीरे तोड़ना।।
जो भी है भटका हुआ, आज है मुश्किल बहुत,
झूट से उसको हटा कर सच के रस्ते मोड़ना।

हरियाली तीज पर प्रतियोगिता का आयोजन

तितावी, 07 अगस्त (बुस.)। आज एसडीएम पब्लिक स्कूल तितावी में हरियाली तीज पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल की छात्राओं ने मेंहदी प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस, आर्ट- क्राफ्ट एवं पोस्टर इत्यादि प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल में आयोजित मेंहदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने प्रथम स्थान सुभाष हाउस की प्रिया, द्वितीय स्थान गांधी हाउस की इशिका व तृतीय स्थान नेहरू हाउस की खुशनवा ने प्राप्त किया वहीं पोस्टर चतुर्थ स्थान टैगोर हाउस की खुशी ने प्राप्त किया। साथ ही छोटे बच्चों ने भी पोस्टर मेकिंग व डांस प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य विकास शर्मा ने प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया एवं इस प्रतियोगिता को सफल संचालित करने वाली शिक्षिकाओं को भी बधाई दी।

अंतिम यात्रा

बड़े दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी श्री सुधीर कुमार मित्तल अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर प्रभु चरणों में विलीन हो गए हैं। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

उनकी अन्तिम यात्रा आज दिनांक 8/8/2024 प्रात: 11 बजे, निज निवास से नदी रोड शहर शमशान घाट के लिए प्रस्थान करेगी।

-: शोकाकुल परिवार :-
हेमंत मित्तल (9411813866)
निशित मित्तल (9457064228)

निवास:171/3, साऊथ सिविल लाईन, निकट पी.एन.बी. कोर्ट रोड, मुज़फ्फरनगर
प्रतिष्ठान :-मै0 मूलचंद सुधीर कुमार, प्रकाश चौक, मुज़फ्फरनगर

नहीं करेगा बिना मानक कोई भी वाहन स्कूल में प्रवेश : डीएम

- जो वाहन मॉडल कंडीशन में आ गए, कराएं पंजीयन निरस्त - जिला विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त (बु.)। जिला पंचायत सभागार में डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में जिला विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसमें एसपी यातायात, एआरटीओ प्रशासन एवं प्रवर्तन, डीआईओएस व बेसिक शिक्षा अधिकारी समेत जिले के विद्यालयों के प्रधानाचार्य व प्रबन्धक उपस्थित रहे। बैठक में डीएम ने अधीनस्थों के साथ ही सभी प्रधानाचार्य व प्रबन्धकों को निर्देशित किया कि जो भी वाहन विद्यार्थियों के आवागमन को परिवहन के साधनों के रूप में प्रयुक्त सभी वाहन मानक के अनुरूप सही हों और बिना मानक पूर्ण किये कोई वाहन किसी भी विद्यालय के बच्चों के आवागमन में प्रयुक्त नहीं होगा। यह सुनिश्चित करने का दायित्व संबंधित स्कूल का होगा अन्यथा की स्थिति में बिना मानक के अनुरूप वाहनों से विद्यार्थियों को लाने व ले जाते पाये जाने पर संबन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने डीआईओएस व बीएसए को यह भी निर्देश दिये कि सभी विद्यालयों में शासन की अधिसूचना के तहत विद्यालयीय यानों के लिए विशेष उपबंध के तहत गठन अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित करें तथा इसकी सूचना 3 दिन में प्रस्तुत करें। डीएम ने स्पष्ट किया कि जिन विद्यालयों के वाहनों की फिटनेस समाप्त है वे किसी परिस्थिति में 03 दिवस के अन्दर वाहनों को फिटनेस हेतु परिवहन कार्यालय में प्रस्तुत करें व जो वाहन मॉडल कंडीशन में आ गए हैं उनको नियमानुसार एआरटीओ कार्यालय से या पंजीयन चिन्ह निरस्त करा लें। इस दौरान एसपी यातायात ने समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य व प्रबंधकों को विद्यार्थियों के सुरक्षित आवागमन में आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित विद्यालय के प्रतिनिधियों द्वारा उठाए प्रश्नों का भी समाधान किया तथा हर संभव प्रकार के आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया गया। परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा विद्यालय यानों के संबंध में आवश्यक मानकों पर प्रकाश डाला गया तथा सभी विद्यालयों से अपने वाहनों की फिटनेस यथा शीघ्र कराने का अनुरोध किया। इस संबंध में ऐसे सभी वाहनों को जो मॉडल कंडीशन में आ चुके हैं उनको पंजीयन चिन्ह निरस्त कराने हेतु या एनओसी प्राप्त करने हेतु सभी विद्यालय के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया और सभी को सहयोग का आश्वासन दिया गया।

लायंस क्लब प्रयाग ने मनाया तीजोत्सव

मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त (बुस.)। लायंस क्लब मुजफ्फरनगर 'प्रयाग' के तत्वाधान में गांधी कॉलोनी स्थित एक पार्टी हॉल में तीज उत्सव को बहुत ही शानदार ढंग से मनाया गया। लायनेड इंदु किंद्रा, लायनेड संध्या गर्ग, लायनेड एकता महेश्वरी, लायन चारु गुप्ता तथा लायनेड हरलीन कौर के कुशल संयोजन में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में डॉ. रश्मि विनायक तथा डॉ. अंजली गर्ग जज की भूमिका में उपस्थित रहीं। इस दौरान मनोरंजन गेम्स खिलाए गए। नृत्य तथा गीतों की मनोहारी प्रस्तुतियों के बीच कठिन प्रतिस्पर्धा के पश्चात ज्योति मिनोचा को तीज क्वीन चुना गया, वहीं लायन मुकेश धमीजा, लायनएड मुस्कान धमीजा तथा लायन विनोद गुप्ता, लायनएड अनू गुप्ता को तीज कपल के खिताब से नवाजा गया। इस अवसर पर लायनेड नीरज पुरी, लायनेड वीणा गोयल, लायनेड डॉ. बलजीत कौर, लायनेड पंकज कक्कड़, लायनेड मीनू गर्ग, लायनेड रेखा गर्ग, लायनेड रेनू गुप्ता, लायनेड शैली जैन, लायनेड शेफालिका साहनी, लायनेड प्रिया सिंह, लायनेड आँचल बंसल, लायनेड नेहा अग्रवाल, जितेंदर कौर, प्रियंका बंसल, अपूर्वा गुप्ता, अध्यक्ष लायन अजय भारती, जोन चेयरपर्सन लायन डॉ. विवेक कुमार, सचिव लायन मनीष गर्ग, कोषाध्यक्ष लायन नितिन बंसल व समस्त क्लब सदस्य उपस्थित रहे।

तीज का उत्सव झूला सजाकर मनाया

मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त (बुस.)। हरियाली तीज के अवसर पर शहर की महिलाओं ने मिलकर मनाई तीज, गाए गीत, रखा व्रत, लगाए पेड़, खाई चाट। रेशू विहार में महिलाओं ने अपने सुहाग की लंबी कामनाएं करते हुए व्रत रखा, श्रृंगार किया, पेड़ लगाए चाट खाई, झूला झूला, नृत्य किया। आज शहर के विभिन्न स्थानों की तरह रेशू विहार में तीज का उत्सव झूला सजाकर, पुष्प वर्षा करके एक दूसरे के लिए शुभकामनाएं करते हुए हरियाली तीज बनाई गई। तीज त्यौहार हिंदू धर्म की महिलाएं अपने पति की खुशहाली के लिए मनाती हैं। कुंवारी कन्याएं जीवन में सफलता पाने व जीवनसाथी / अच्छा वर पाने के लिए तीज मनाती हैं। इस अवसर पर रेशू प्रांगण को फूलों से, कली से, रंगबिरंगे कपड़ों से तोरणद्वार लगाकर सजाया गया। शैल गर्ग, साधना गर्ग, प्रियंका अग्रवाल, वार्षिक अग्रवाल आदि ने आने वाली महिलाओं के माँग में सिंदूर भरकर स्वागत किया एवं तिलक लगाकर सम्मान किया। इस अवसर पर शांति देवी, शीला, तनु, नूपुर, मीनू भाभी, कुमकुम, पिंकी, इंदुबाला, राजबीर, अंजू, प्रभा आदि लोग उपस्थित रहे।

कार की साइड लगने से बाइक चालक और कांस्टेबल घायल

जानसठ, 07 अगस्त (बु.)। खतौली से चुनाव की ड्यूटी कर जानसठ थाने पर सूचना देकर वापस चौकी लौट रहा कांस्टेबल कार की साइड लगने से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल कांस्टेबल और बाइक चालक को सीएचसी जानसठ में भर्ती कराया। जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मंगलवार की देर शाम को जानसठ थाने की भलवा चौकी पर तैनात कांस्टेबल प्रकाश कुमार पुत्र बनीसिंह निवासी गढ़ी उमराव थाना सादाबाद जनपद हाथरस खतौली क्षेत्र में चुनाव की ड्यूटी देकर थाने पर वापसी दर्ज कराकर वापस चौकी पर लौट रहा था। जानसठ से कांस्टेबल प्रकाश कुमार ने खतौली क्षेत्र के गांव चांदसमद निवासी आदित्य बाइक सवार से लिफ्ट ली। जैसे ही वह लोग खतौली जानसठ रोड पर गांव मकसूदाबाद के सामने पहुंचे तो कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कांस्टेबल प्रकाश कुमार व आदित्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कांस्टेबल प्रकाश कुमार और आदित्य को उपचार के लिए सीएचसी जानसठ पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। कार चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

दो पक्षों में लाठी-डंडे चले, पांच लोग घायल

जानसठ, 07 अगस्त (बु.)। क्षेत्र के गांव राठौर में पशु का खूंटा गाड़ने को लेकर एक ही परिवार के लोगों में लाठी-डंडे चल गये। हमले में पांच लोग घायल हो गए। बुधवार को गांव राठौर में पशु बांधने का खूंटा गाड़ने को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में झगड़ा हो गया, जिसमें जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें एक पक्ष से मुकुल व शुभम पुत्रगण नरदेव सिंह व विक्की पुत्र सहदेव तथा सत्यदेव पुत्र बल सिंह तथा दूसरे पक्ष की ओर से आशीष कुमार पुत्र राजवीर सिंह घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराकर उपचार कराया। दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने दोनों पक्षों से घायल लोगों का उपचार कराकर शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया।

भाविप सम्राट शाखा ने मनाया तीज महोत्सव

मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त (बुस.)। भारत विकास परिषद् सम्राट शाखा महिला समिति द्वारा तीज महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रेखा सिंघल का सानिध्य प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि का शाखा की ओर से पटका पहनाकर स्वागत किया गया। सुदेश गर्ग द्वारा तीज त्यौहार पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। बहुत ही सुन्दर तम्बोला मोनिका शर्मा द्वारा खिलाया, जिसका सबने भरपूर आन्नद लिया। आज का विशेष कार्यक्रम तीज क्वीन व तीज महारानी का चयन था। सभी महिलाओं द्वारा कैटवाक किया गया। पचास वर्ष से ऊपर तीज महारानी प्रीति अग्रवाल चुनी गई एवं पचास वर्ष से कम श्रेणी में तीज क्वीन का ताज नीरु गोयल को पहनाया गया। कार्यक्रम में सभी परफोर्मेंस के लिए आकर्षक उपहार शाखा संस्थापक परमकीर्तिशरण अग्रवाल जी की ओर से दिये गये। कार्यक्रम चेयरमैन सोनिया जैन, प्रीति कंसल एवं सुदेश गर्ग रही। प्रोग्राम में शाखा की पैंतालीस महिलाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सोनिया जैन व प्रीति कंसल द्वारा किया गया।

आशाएं प्रशिक्षण केंद्र ने धूमधाम से मनाया तीज उत्सव

मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त (बुस.)। आशाएं प्रशिक्षण केंद्र ने आज तीज उत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर केंद्र के सभी सदस्यों और छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसके बाद कुछ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हुई। केंद्र के प्रबंधक जितेन्द्र सिंह ने केंद्र के सभी सदस्यों और छात्राओं को तीज की शुभकामनाएं दी और साथ ही साथ केंद्र की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तीज का त्योहार हमें अपनी संस्कृति और परंपरा से जोड़ता है और हमें अपने मूल्यों की याद दिलाता है। इस अवसर पर छात्राओं ने मेहंदी और अन्य अति सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में केंद्र की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और सभी ने उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरण भी किया गया। आखिर में सभी ने इस कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया और एक दूसरे को तीज की शुभकामनाएं एवं बधाइयाँ दी। इस अवसर पर केंद्र की शिक्षिकाएं संतोषी गौर, कशिश भाटिया, विशाखा सैन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

तीज पर मेहंदी दिखाती वैष्णवी गुप्ता पुत्री मनीष गुप्ता

बांग्लादेशी हिंदुओं के घर, दुकान-मंदिर तोड़े

नई दिल्ली, 7 अगस्त (एजेंसी)। बांग्लादेश में इस वक्त अस्थिरता का माहौल है। शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद भी हिंसा नहीं रुक रही है। इन हिंसक घटनाओं में कई जिलों में विशेष रूप से अल्पसंख्यकों के घरों और मंदिरों को निशाना बनाया गया। सुरक्षा बलों की गैर मौजूदगी में सोमवार से हिंदुओं पर हमले बढ़ गए हैं। यहां तक कि प्रसिद्ध हिंदू कलाकार राहुल आनंदा के घर को आग के हवाले कर दिया गया। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले को लेकर भारत समेत दुनिया भर के संगठनों ने चिंता जताई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत अल्पसंख्यकों की स्थिति पर नजर रख रहा है। पड़ोसी बांग्लादेश में आरक्षण के मुद्दे पर जारी छात्र आंदोलन के बीच 5 अगस्त को शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफे के साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री देश छोड़कर भारत आ गईं। उधर सरकार बदलने के साथ ही देश भर में कई जिलों में अल्पसंख्यकों के घरों, दुकानों और पूजा स्थलों में तोड़फोड़ की गई। बांग्लादेश के प्रमुख अखबार डेली स्टार ने रिपोर्ट दी कि सोमवार को ही कम से कम 27 जिलों में हिंदुओं के घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर भीड़ ने हमला किया और उनके कीमती सामान भी लूट लिए गए। ओइक्या परिषद के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव मोनिन्द्र कुमार नाथ ने कहा कि ऐसा कोई क्षेत्र या जिला नहीं बचा है जहां सांप्रदायिक हमले न हुए हों। नाथ ने डेली स्टार को बताया, 'हमें देश के विभिन्न हिस्सों से घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर हमलों के बारे में लगातार रिपोर्ट मिल रही हैं। वे रो रहे हैं, कह रहे हैं कि उन्हें पीटा जा रहा है, उनके घरों और व्यवसायों को लूटा जा रहा है। हमारा क्या दोष है? क्या यह हमारा दोष है कि हम देश के नागरिक हैं?' ढाका के धानमंडी में सोमवार को बैंड जोलर गान के फ्रंटमैन राहुल आनंदा के घर में आग लगा दी गई और वह पूरी तरह जल गया। द डेली स्टार अखबार के अनुसार, यह घर लगभग 140 वर्ष पुराना था। राहुल और उसका परिवार सुरक्षित स्थान पर भागने में सफल रहे। राहुल के एक करीबी पारिवारिक सूत्र ने अखबार को बताया, 'जैसे ही उन्होंने गेट तोड़ा, उन्होंने घर में तोड़फोड़ शुरू कर दी और जो कुछ भी उन्हें मिला, उसे अपने साथ ले गए। उन्होंने फर्नीचर और शीशों से लेकर कीमती सामान तक सब कुछ ले लिया। इसके बाद उन्होंने पूरे घर के साथ-साथ राहुल के संगीत वाद्ययंत्रों को भी आग के हवाले कर दिया।' भारत की तरफ से विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, 'हम अल्पसंख्यकों की स्थिति पर नजर रख रहे हैं'। विदेश मंत्री ने मंगलवार को राज्यसभा में दिए गए बयान में कहा, 'हम अल्पसंख्यकों की स्थिति पर भी नजर रख रहे हैं। उनकी सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न समूहों और संगठनों द्वारा पहल की खबरें हैं। हम इसका स्वागत करते हैं, लेकिन स्वाभाविक रूप से हम तब तक बहुत चिंतित रहेंगे जब तक कानून और व्यवस्था स्पष्ट रूप से बहाल नहीं हो जाती।'

बांग्लादेश में हिंदुओं की आबादी कितनी है ?

अमेरिकी सरकार के अनुमान के मुताबिक, 2023 के मध्य तक बांग्लादेश में कुल जनसंख्या 16.72 करोड़ रही। 2022 की राष्ट्रीय सरकारी जनगणना के अनुसार, देश की आबादी में 91 प्रतिशत हिस्सा सुन्नी मुसलमान हैं और हिंदू लगभग आठ प्रतिशत हैं। बाकी में ईसाई, बौद्ध और शिया मुस्लिम, अहमदी मुस्लिम, बहाई और अन्य कम आबादी वाले समुदाय शामिल हैं

लायन्स क्लब उन्नति ने मनाया तीज उत्सव

मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त (बुस.)। मूलचंद रिजॉर्ट में लायंस क्लब उन्नति ने लायन परिवार के सदस्यों के साथ बॉलीवुड थीम पर तीज की पूर्व संध्या पर नाच गाकर धूमधाम से तीज का त्यौहार मनाया। कार्यक्रम को चेयरमैन लायनेड रुचि मित्तल एवम वन्दना मित्तल के संयुक्त एवं कुशल संयोजन में व लायन अध्यक्ष सीए मनीष बंसल की अध्यक्षता व सचिव अमित मित्तल एवं लॉयन अनुज मित्तल के संचालन में आयोजित किया गया। उक्त जानकारी क्लब के मीडिया चेयरमैन एवम डिप्टी डिस्ट्रिक गवर्नर लायन अनिल कंसल ने दी। प्रोग्राम में मुख्य रूप से डिस्ट्रिक कैबिनेट सेक्रेटरी सीए लायन अजय अग्रवाल, डिस्ट्रिक ऑफिसर लायन रीना अग्रवाल, रीजन चेयरमैन लायन अतुल ऐरन, तनुजा ऐरन,लायन अनिल कंसल, लायनेड सुनीता कंसल, पूर्व अध्यक्ष लायन निखिल मित्तल, लायनेड शालू मित्तल, मनीष जैन,अर्चना जैन, हिमांशु गुप्ता सोम्मया गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष लायन अमित गर्ग, लायनेड शिवांगी गर्ग, लायन कपिल गर्ग, रिंकी गर्ग, लॉयन प्रतिभा बंसल, लायन डॉ. प्रवेश, लायनेड अनुपमा, लायन दिनेश गर्ग, नेहा गर्ग, लायन मुकुल गोयल, नीतू गोयल, आदित्य भरतिया, अनुश्री भरतिया, सचिन गोयल, खुशबू गोयल, राजीव माहेश्वरी, हेमलता माहेश्वरी, लायन प्रवीण गोयल, मोनिका गोयल, दीप अग्रवाल, ममता अग्रवाल, नितिन गोयल, प्रगति गोयल, लॉयन महेश जिंदल, अनीता जिंदल, आकाश अग्रवाल, निधि अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, रूमा अग्रवाल, मुकुल गोयल नीतू गोयल, राजेश मित्तल, अनुराधा मित्तल, लायन पीयूष अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, आदि सभी ने हीरो हीरोइन के रूप में अपनी प्रस्तुति दी। अंत में बॉलीवुड तीज कपल के लिए लॉयन मनीष जैन एवं अर्चना जैन और तीज किंग के लिये लॉयन निखिल मित्तल और तीज क्वीन के लिए लायनेड प्रगति गोयल को चुना गया।

विनेश फोगाट को न्याय के लिए निकाला कैंडल मार्च

मुजफ्फरनगर, 7 अगस्त (बु.)। ओलंपिक खेलों में पहलवान विनेश फोगाट के साथ षड्यंत्र रचने का आरोप लगाते हुए मुजफ्फरनगर के जीआईसी ग्राउंड में प्रदर्शन कर कैंडल मार्च निकाला गया। आज पचेन्डा गांव के युधिष्ठिर पहलवान और कुश्ती कोच जितेंद्र के साथ सुमित मलिक, सुशील ाोट समेत कई लोगों और बच्चों ने विरोध स्वरूप कैंडल मार्च निकाला और विनेश फोगाट को न्याय दो के नारे लगाए।

शाहपुर में शिखा त्यागी के सिर सजा तीज क्वीन का ताज

- सखी क्लब शाहपुर द्वारा हर्षोल्लास से मनाया गया हरियाली तीज का त्यौहार

शाहपुर, 07 अगस्त (बु.)। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी शाहपुर में सखी क्लब की तरफ से तीजोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य प्रबंधन शिवांगी गोयल ने सभी को हरियाली तीज की शुभकामनाएं दी। उनका कहना है कि यह त्यौहार मां गौरा और शिवजी को समर्पित है। उनका मानना है कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का प्रयास करना थोड़ा मुश्किल था लेकिन सभी के प्यार और सहयोग के बल पर सखी क्लब के द्वारा यह आयोजन सम्भव हो पाया है। कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ गीता गोयल व उषा मित्तल ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। कविता मित्तल व राधा मित्तल ने अतिथियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया। इससे पूर्व स्नेहा मित्तल ने सखी क्लब के सभी कार्यकर्ताओं को ब्रोंच लगाकर स्वागत किया। सदस्यों में कविता मित्तल, राधा मित्तल, अलका मित्तल, रेणू गर्ग, आभा जैन, प्रेरणा गोयल, शिल्पी सिंघल, मीनू गर्ग, चेतना जैन, रूचि जैन शामिल रही। इसके पश्चात प्रिया गोयल, प्रेरणा गोयल, नेहा गोयल, शैली जैन, प्रिया गर्ग, पुष्पांजलि नामदेव व रेणू गर्ग ने सुन्दर नृत्य प्रस्तुत कर किया व जूही गोयल, गरिमा गोयल, शिवांगी गोयल, प्रेरणा गोयल ने नाटक प्रस्तुत किया। तीज क्वीन शिखा त्यागी चयनित हुई, जिनको शिवांगी गोयल ने ताज पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कविता मित्तल, रेणु गर्ग, आभा जैन, स्नेहा मित्तल, राधा मित्तल, अलका मित्तल व प्रेरणा मित्तल का विशेष योगदान रहा।

आवश्यकता है

1. मैकेनिकल इंजीनियर (B.Tech/Polytechnic)
2. कंप्यूटर टीचर (BCA/MCA/IT)
3. डिजिटल मार्केटिंग
4. एडमिन/इंचार्ज (MBA& B.tech)

अनुभवी लोगों को वरीयता दी जाएगी

संपर्क करें:-
सन्मति इंस्टीट्यूट आफ लर्निंग
देवपुरम कॉलोनी, खांजापुर, दल्ला देवता के सामने, निकट कलीराम आवास, मुज़फ्फरनगर
M:6396995504

तिरंगा ट्रैक्टर यात्रा को लेकर तय किया भाकियू ने रूट

मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त (बु.)। भारतीय किसान यूनियन ने नौ अगस्त तिरंगा ट्रैक्टर मार्च के दौरान कलेक्ट्रेट के घेराव का कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। इसके साथ यूनियन के शीर्ष नेतृत्व द्वारा तिरंगा ट्रैक्टर मार्च का जिला मुख्यालय पर रूट तय करते हुए प्रकाश चौक पर प्रशासन को ज्ञापन देने का ऐलान किया है। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत अब शुक्रवार 9 अगस्त को किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग और संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर केन्द्र सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में जिला मुख्यालय पर प्रातः 10 बजे ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जायेगा। इस कड़ी में सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सूचित कर दिया है। नौ अगस्त को सुबह 10 बजे किसान यूनियन के सभी सिपाही ट्रैक्टरों के साथ राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में एकत्र होंगे। यहां से तिरंगा यात्रा शुरू होगी और किसान अपने ट्रैक्टरों पर तिरंगा बांधकर सरकूलर रोड होते हुए सुजडू चुंगी, डीएम आवास, मीनाक्षी चौक, शिव चौक, झांसी की रानी होते हुए प्रकाश चौक पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि यूनियन के शीर्ष नेतृत्व ने निर्णय लिया है कि प्रकाश चौक पर डीएम को ज्ञापन देने के बाद यात्रा का समापन होगा। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शन के दौरान सभी ब्लॉक अध्यक्ष तिरंगा यात्रा के प्रबंधन को अपने अपने ब्लॉक से 4-4 वालिंटियर तैयार करने के साथ सुनिश्चित करेंगे कि पदाधिकारी व कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा के समापन के बाद ही अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान किया जायेगा। इस दौरान यातायात व्यवस्था को बनाने का काम वालिंटियर द्वारा किया जायेगा।

नगर पंचायत व पुलिस ने कुएं की भूमि पर हुए अवैध निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त कराया

मीरापुर, 7 अगस्त (बु.)। नगर पंचायत के सरकारी कुएं की भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को नगर पंचायत ईओ व चेयरमैन ने पुलिस को साथ लेकर जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। इस दौरान महिलाओं ने टीम का जमकर विरोध किया। विरोध करने पर पुलिस ने मौके से कब्जा करने के आरोपी को हिरासत में ले लिया। कस्बे के वार्ड एक में थाने से 200 मीटर की दूरी पर एक व्यक्ति ने सरकारी कुएं की भूमि पर अवैध निर्माण कर लिया था।

कुछ दिन पूर्व नगर पंचायत की टीम व पुलिस ने मौके पर पहुँचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया था, किन्तु आरोपी चोरी-छिपे निर्माण कार्य कर रहा था। दो दिन पूर्व ईओ दीपक कुमार ने मौके पर पहुँचकर कब्जाधारी को कड़ी चेतावनी दी थी तथा दो दिन में भूमि से संबंधित प्रपत्र प्रस्तुत करने का समय दिया था। किन्तु दो दिन की समयावधि पूरी होने के बाद भी निर्माण करने वाला व्यक्ति कोई प्रपत्र नहीं दिखा पाया, जिसके चलते बुधवार की दोपहर ईओ दीपक कुमार, चेयरमैन जमील अहमद, इंस्पेक्टर सुनील कुमार मिश्रा, एसआई ललित कुमार नगर पंचायतकर्मियों व भारी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुँचे तथा जेसीबी बुलाकर निर्माण को ध्वस्त कराने का कार्य शुरू किया, जिस पर अवैध निर्माण करने के वाले व्यक्ति के परिवार की करीब आधा दर्जन महिलाएं जेसीबी के सामने आकर खड़ी हो गई तथा नगर पंचायत की टीम का विरोध करना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद महिला पुलिसकर्मियों ने विरोध करने वाली महिलाओं को हटाया, इसके बाद पुलिस ने भीड़ को कड़ी चेतावनी देकर अवैध निर्माण को धवस्त करा दिया। विरोध करने पर पुलिस ने निर्माण कार्य करने के आरोपी को हिरासत में लेकर थाने बैठा लिया। बता दें कि करीब एक वर्ष पूर्व भी नगर पंचायत की टीम ने उक्त भूमि पर हुए निर्माण को जेसीबी से ही ध्वस्त कराया था।

पेपर मिल मामले में कोकिल मखियाली भाकियू से बाहर

मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त (बु.)। भोपा रोड स्थित मीनू पेपर मिल पर भाकियू तोमर के लोगों द्वारा जबरन गेट खोलकर अंदर घुसने और प्रदर्शन करने के मामले में भाकियू टिकैत के पदाधिकारी के शामिल होने के मामले में शीर्ष नेतृत्व ने गंभीरता दिखाई है। भाकियू के जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि भाकियू टिकैत के सदर ब्लॉक सचिव कोकिल मखियाली को यूनियन में रहकर गलत गतिविधियों में लिप्त पाने तथा संगठन की विचारधारा के विपरीत जाकर गलत काम करने, जिससे संगठन की छवि पर गलत प्रभाव पड़ रहा है, ऐसे में कोकिल मखियाली को तत्काल प्रभाव से ब्लॉक सचिव पद से और यूनियन से निष्कासित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अगर भविष्य में कोकिल मखियाली भाकियू का नाम व टोपी का प्रयोग करता है, तो संगठन द्वारा कार्यवाही की जाएगी। गलत कामों में यदि कोई कार्यकर्ता अथवा पदाधिकारी पाया जायेगा तो उसके विरुद्ध भी अविलंब कार्यवाही की जाएगी। कोकिल मखियाली पर आरोप है कि मंगलवार को मीनू पेपर मिल पर भाकियू तोमर के धरने में वह शामिल रहा और इन्हीं आरोपों के कारण कार्यवाही की गई है।

सभी देशवासियों को
हरियाली तीज
की हार्दिक शुभकामनाएं

आशुतोष गुर्जर बिलासपुर शेरनगर
विनायक गुर्जर बिलासपुर शेरनगर
वान्या गुर्जर बिलासपुर शेरनगर
प्रीति गुर्जर बिलासपुर शेरनगर

श्री बांके बिहारी एन्टरप्राइजेज
अधिकृत विक्रेता - MICROTEK
M:8755555585
नई मण्डी, निकट देवी मंदिर, बालाजी रोड, मुज़फ्फरनगर

शहर के लिए छाती पर गोली खाने को तैयार : अंकुर दुआ

▶ व्यापारियों से एकजुट होने का आह्वान करते हुए अंकुर ने कहा: बटेंगे तो कटेंगे
▶ अवैध ई रिक्शा व जाम के खिलाफ अभियान व्यक्तिगत नहीं, शहर के हित में है
▶ आभार सभा में तमाम वर्गों के लोगों ने किया मुहिम के साथ जुड़ने का ऐलान

मुजफ्फरनगर, 7 अगस्त (बु.)। मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ ने कहा कि वो किसी तरह का अखाड़ा नहीं चाहते हैं, मगर उनके खिलाफ साजिश की जा रही है। वो दबने वाले नहीं है। हो सकता है कि कोई ई रिक्शा वालों से उन पर गोली चलवा दें, मगर वो शहर की दशा सुधारने के लिए कोई भी बलिदान करने को तैयार है।

अवैध ई रिक्शा बंद करने और नगर को जाम से मुक्त कराने के लिए भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य अंकुर दुआ द्वारा शुरू किए गए अभियान को लेकर आज न्यू एसडी कॉलेज मार्केट के प्रांगण में आयोजित आभार सभा में बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने व्यापारियों से एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि टुकड़े टुकड़े गैंग में नहीं बंटना है। बटेंगे तो कटेंगे। यही एकता उन्हें चाहिए। क्योंकि आगे व्यापारियों के छज्जे तोड़ने की साजिश की जा रही है, लेकिन वो चुप नहीं रहेंगे। व्यापारियों और कुछ भाजपा के नेताओं ने बेखौफ होकर उनका साथ दिया। उन्होंने कहा कि मजबूर होकर धरने का फैसला लेना पड़ा। इससे पहले 50 बार अधिकारियों और भाजपा नेताओं को बता दिया, लेकिन अफसोस किसी ने नहीं सुनी। मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाया। धरने पर आए प्रशासन के अधिकारियों को उनके कार्रवाई के आश्वासन पर आठ दिन का समय दिया है। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती वे फिर वहीं तुलसी पार्क में धरना देंगे। उन्होंने कहा कि शहर को उत्तम नगर बनाकर रहूंगा। मुझे कुछ लोग खलनायक बनाने की कोशिश कर रहे हैं। वो शहर के लिए खलनायक बनने को तैयार है। उन्होंने कहा कि यदि संगठित नहीं हुए तो जीना मुश्किल हो जाएगा और बांग्लादेश जैसे हालात होंगे। अंकुर दुआ ने कहा कि श्री राम के पटके पर धमकी दी गई है, लेकिन वो धर्म की राह नहीं छोड़ेंगे, लेकिन वो चाहते है कि देश मे साम्प्रदायिक माहौल बना रहे, क्योंकि यही देश की बड़ी ताकत है। एक बच्चा संस्कृति खत्म करनी होगी। अधर्म के रास्ते से धन कमाना सही नहीं है। इससे परिवार का भला नहीं होगा। उन्होंने बताया कि बुलेटिन की वीडियो को 20 लाख लोगों ने देखा है। अंकुर दुआ ने कहा कि गांधी टैंट के पंकज जैन ने जन्मदिन पर हनुमान जी की मूर्ति उन्हें दी थी। उस दिन से उन्हें शक्ति मिली है, जिसके बल पर आज वो छाती पर गोली खाने को तैयार है।

पंजाबी समाज के चेयरमैन सरदार सुखदर्शन बेदी ने कहा कि अंकुर दुआ शहर में चाणक्य के रूप में उभरे हैं। कहते सभी है कि शहर में चलना मुश्किल है, मगर अंकुर दुआ ने ऐसी मुहिम चलाई, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने जुड़कर आंदोलन को नई ताकत दी। निस्संदेह इसके लिए वो बधाई के पात्र हैं।

गांधी टैंट हाउस के पंकज जैन ने कहा कि अंकुर दुआ के आंदोलन ने शहर को नई दिशा देने का काम किया है। व्यापारियों को सुधार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन किसी की रोजी रोटी छीनने के लिए नहीं था। हम सब शहर की व्यवस्था चाहते हैं। अंजू अग्रवाल ने कहा कि मुहिम का असर शहर में दिख रहा है। 50 प्रतिशत समस्या हल हो गई है। उन्होंने कहा कि अंकुर जी को विधायक का चुनाव लड़ना चाहिए। सचिन सिंघल ने कहा कि अंकुर जी की मुहिम ने शहर को संजीवनी देने का काम किया है। उन्होंने बधाई दी। कृष्ण गोपाल मित्तल ने सभी का आभार जताया। रमेश साई ने आंदोलन को सफल बताया। कार्यक्रम

के प्रारंभ में बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, व्यापारी नेता राकेश कंसल और सुरेंद्र अग्रवाल ने महाराजा अग्रसैन की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इससे पूर्व उन्होंने भगवान शिव के दरबार में माथा टेककर आरती की। पंजाबी समाज की ओर से बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ को सरोपा और कृपाण भेंट की गई। सरदार अमरजीत सिडाना, सरदार देवेंद्र सिंह चड्ढ़ा, पूर्व सभासद विपुल भटनागर, गोसेवक निशु की तरफ से स्मृति चिन्ह दिया। पूर्व पालिका अध्यक्ष अंजू अग्रवाल और एसके बिट्टू ने शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट किया। क्रांति सेना के शरद कपूर, लोकेश सैनी, आलोक अग्रवाल, संजीव वर्मा, राजन वर्मा, आशीष शर्मा, विवेक संगल ने भगवा पट्टा भेंट किया। सामाजिक व आरटीआई कार्यकर्ता मनेश गुप्ता का आयोजन में सहयोग पर आभार जताया गया।

आभार सभा में जुटे तमाम संगठनों के बड़े चेहरे

मुजफ्फरनगर, 7 अगस्त (बु.)। व्यापारी नेता अनिल नामदेव के संचालन में हुई सभा में बड़ी संख्या में व्यापारियों, राजनीतिक तथा सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने नगर में जाम और ई रिक्शा की समस्या को लेकर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ द्वारा छेड़े गए अभियान को शहर के व्यापक हित में बताया। इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल, पंजाबी समाज के चेयरमैन सरदार सुखदर्शन बेदी, संरक्षक अशोक बाठला, गांधी टैंट हाउस के पंकज जैन, संजय मिश्रा,राकेश कंसल, व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल मित्तल, राकेश त्यागी, भगत सिंह रोड के व्यापारी नेता सुरेंद्र अग्रवाल, योगेश भगत, सरदार बलविंदर सिंह, त्रिलोचन सिंह गंभीर, कीर्तिभूषण अग्रवाल, उमादत्त शर्मा, सुनील उत्सव, सचिन सिंघल, एसके बिट्टू, सभासद अमित पटपटिया, संजीव अरोरा, दिनेश नमकीन वाले, दिनेश भगत, विजय सिंधी, पूर्व सभासद प्रेमी छाबड़ा, मुरारी लाल तनेजा, रमन जलोत्रा, सुनील चावला, कमल अरोरा, अशोक छाबड़ा, महबूब आलम एडवोकेट, शरद कपूर, विजय तागड़ा, मीतू भाई, विशाल जलोत्रा, शेंकी, दीपक, विपिन संगल, विवेक संगल, सुभाष, मेहर चंद, नेशी जी, अशोक छाबड़ा, सुखबीर सिंह, मनोज शर्मा, रोहित शर्मा, रविशर्मा, रमनशर्मा, अमित, बिट्टू, रमेश केश्टो, बॉबी, सुशीला, ललिता, सावित्री, निर्मला, कुसम पाल, सोमवती, गुलशाना, मूर्ति आदि उपस्थिति रहीं।

दल बल समेत पहुंचे शलभ गुप्ता ने स्मृति चिह्न भेंट किया

मुजफ्फरनगर, 7 अगस्त (बु.)। व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल शलभ गुप्ता ने अंकुर दुआ के अभियान के समर्थन में दलबल समेत वहां पहुंच कर उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया। उनके साथ जनार्दन विश्वकर्मा, दीपक मित्तल सर्राफ, राजेंद्र प्रसाद गर्ग, विपिन गुप्ता, लवी गोयल, अजय अरोरा, सनी बिरला, शिवा सिंघल, हिमांशु गोयल, विजय बाटा, राजेश भाटिया, कृष्णपाल, रोबिन संगल, पंकज वाधवा, विनीत धीमान, अरविन्द सैनी, गौरव सिंघल, विशाल गोयल, सुरेश छाबड़ा, संदीप छाबड़ा, वेद प्रकाश अरोरा, मोनू अरोरा, राजकुमार खुड्डा वाले, लालचंद मार्किट प्रधान आशीष, शांति सेना की 15 महिलाएं, शरद कपूर, सरदार गुरबचन सिंह, राजेन्द्र होली एंजिल, नरेश अरोरा नेशी, राकेश कंसल, मदन लाल आहूजा, नीलू आहूजा, पंकज, वासु सूद, आरके चप्पल वाले, सुभाष, मंदिर के पंडित , नरेश अरोरा, विजय कागरा, केवल कृष्ण अरोरा, गजेन्द्र पाल पूर्व सभासद नगर पालिका परिषद, सुरेन्द्र शांति सेना, श्री जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक समिति के राहुल जैन, प्रमोद जैन, मित्रसैन, राहुल गोयल, विजय सिंधी, अशोक छाबड़ा, शलभ गुप्ता, जनार्दन विश्वकर्मा, जनार्दन स्वरूप, विजय बाटा, गिरीश पाहुजा, सुनील उत्सव, अशोक डूडा, इन्द्रजीत जनरेटर, प्रेमप्रकाश अरोरा, अशोक वांसलमनीष नामदेव आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

प्रेमपुरी में बंदरों का आतंक, मुक्ति दिलाने की बुलेटिन से गुहार

मुजफ्फरनगर, 07 अगस्त (बु.)। तमाम प्रयासों के बावजूद पालिका प्रशासन नगरीय क्षेत्र में बढ़ रहे बंदरों के आतंक से मुक्ति की दिशा में कोई कदम उठाने में सफल साबित नहीं हो पर रहा है, जिससे लोगों में आक्रोश तेजी से बढ़ता जा रहा है। बीते दिनों नगर की अतिक्रमण, जाम और अवैध ई-रिक्शाओं जैसी ज्वलंत समस्याओं को लेकर 28 घंटों के धरने को लेकर चर्चाओं में आए बुलेटिन संपादक के समक्ष अब जनसमस्याओं को लेकर शिकायतें आने लगी हैं। बुधवार को इन्हीं शिकायतों के क्रम में प्रेमपुरी मौहल्ला सुधार समिति के माध्यम से प्रेमपुरी में बंदरों के हर ओर बढ़ते भारी आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग उठी। प्रेमपुरी मौहल्ला सुधार समिति के संरक्षक डॉ. ओमपाल सिंह वर्मा के नेतृत्व में मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक के नाम भेजे गए इस पत्र में मौहल्लावासियों ने बताया कि क्षेत्र में बंदरों का अब आतंक बढ़ रहा है, जिसमें गली व आम रास्तों में सैंकड़ों की संख्या में उक्त बंदर बेखौफ इधर से उधर घूमते दिखाई दे जाते हैं। यही नहीं इन बंदरों के आतंक से घर की महिलाओं व बच्चों का घर की छतों पर जाना पूरी तरह से बंद हो गया है, वहीं क्षेत्र के कई बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को उक्त बंदर अब तक अपना शिकार बना चुके हैं। उनका कहना है कई बार बंदरों को पकड़ने की मांग करते हुए अधिकारियों से मांग की जा चुकी है, लेकिन समस्या का कोई भी समाधान अब तक नहीं निकला है। क्षेत्र के लोगों ने बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ के माध्यम से जनपद के जिलाधिकारी से मांग की कि वें क्षेत्र की उक्त समस्या को पूर्ण कराने की कृपा करें। इस दौरान मुख्य रूप से प्रवीण गुप्ता, डॉ. आईके वशिष्ठ, ओपी मिश्रा, विकास बिट्टू, ओमवीर कश्यप, पंकज बंसीवाल, रामपाल सिंह, सुरेन्द्र सिंह, शिव चरण, गंगाधर जैन आदि मौजूद रहे।

राकेश व नरेश टिकैत से किया अनुरोध

मुजफ्फरनगर। जनता आभार कार्यक्रम के दौरान बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने जानकारी देते हुए बताया कि आज ही किसान यूनियन के एक दल ने बुलेटिन सम्पादक को यह कहलवाने की कोशिश की कि यदि ई- रिक्शाओं का मुद्दा ज्यादा उजागर किया तो उनका एक संगठन कचहरी परिसर में धरना देगा। बुलेटिन सम्पादक ने भाकियू के अध्यक्ष नरेश टिकैत व प्रवक्ता राकेश टिकैत दोनों से आग्रह किया कि ऐसे दलों को वे खुद ही समझाने का काम कर लें, उन्होंने सवाल खड़ा किया कि क्या भाकियू से टूटे ऐसे दल अवैध रिक्शाओं को चलवाने का काम भी करते हैं या ऐसे दलों का कोई हिस्सा रिक्शा वालों से बंटा हुआ है।

समाचार पत्र में स्थान पर्याप्त न होने के कारण जनता आभार के कुछ फोटो कल के अंक में प्रकाशित किए जाएंगे।

विनेश फोगाट के बाहर होते ही भारत की उम्मीदों को लगा बड़ा झटका

नई दिल्ली, 7 अगस्त (एजेंसी)। विनेश फोगाट का वजन 100 ग्राम अधिक हो जाने के कारण उन्हें ओलंपिक कुश्ती का फाइनल मैच खेलने से अयोग्य करार दे दिया गया। इससे फोगाट से ओलंपिक स्वर्ण पदक की उम्मीद कर रहे देश के 140 करोड़ लोगों को भारी झटका लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर विनेश को अभी भी देश का असली चैंपियन होने की बात कही है। लेकिन सभी लोग यह जानकर हैरान हैं कि ओलंपिक खेलों के लिए बेहद कड़ी ट्रेनिंग से गुजरने वाली विनेश फोगाट और उनकी टीम से यह गड़बड़ी कैसे हो गई? विनेश फोगाट का वजन अब तक बिल्कुल सही रेंज में चल रहा था, फिर यह अचानक बढ़ कैसे गया? क्या फोगाट और उनकी टीम को इसकी जानकारी हो गई थी और क्या इसे ठीक करने की कोशिश की गई थी? सूत्रों की मानें तो विनेश फोगाट और उनकी टीम को इस खतरे की जानकारी एक दिन पहले ही हो गई थी। वजन को नियंत्रित करने के लिए टीम ने कड़ी एक्सरसाइज करने के साथ-साथ कई अन्य प्रयास भी किए थे, लेकिन अंततः वे इसमें सफल नहीं हो पाए और फोगाट को इसका नुकसान उठाना पड़ा।

कलयुगी पिता ने भाई-बहन को दूध में दिया जहर

बुढ़ाना, 7 अगस्त (बु.)। एक कलयुगी पिता ने अपनी पत्नी और एक बेटी के साथ मिलकर मायके आई अपनी एक शादीशुदा पुत्री और अविवाहित पुत्र को दूध में जहर डालकर पिला दिया और उनकी हत्या करने का प्रयास किया, जिसमें जहरीले दूध के सेवन के बाद दोनों भाई बहन की हालत खराब हो गयी। तब चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर देखकर उन्हें जिला चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया, जहां पर दोनों को आईसीयू में रखा गया है और दोनों की हालत गंभीर बनी है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की तहसील कॉलोनी के पीछे रहने वाले बाबू कुरैशी ने अपनी एक बड़ी पुत्री 28 वर्षीया बीबी की शादी बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के उमरपुर गांव में गुलजार से की हुई है। वह लगभग तीन माह से अपने पीहर आई हुई है। उसका पिता उसके छोटे भाई 23 वर्षीय उमर की शादी नहीं कर रहे हैं, जिसको लेकर बीबी अपने पिता बाबू, मां और एक छोटी बहन का अक्सर विरोध करती आ रही थी, जबकि तीनों ही कुछ महीनों से उसकी शादी में रोड़ा बने हुए हैं। अभी कुछ दिन पहले बाबू पर कुछ पैसा आया था, तो आज बीबी ने अपने पिता पर भाई उमर की शादी करने पर जोर दिया, तो बाबू ने सुबह के समय नाश्ते में दिए गये दूध में चुपचाप जहर मिला दिया। तब दोनों भाई बहन ने वह जहरीला दूध पी लिया। कुछ देर बाद दोनों की हालत बिगड़ गयी, तो बाबू अपनी पत्नी व पुत्री को लेकर फरार हो गया। पड़ोसियों को कुछ शक हुआ, तो उन्होंने अंदर जाकर देखा कि दोनों भाई बहन जमीन पर पड़े हुए तड़फ रहे हैं, तो उन्होंने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को फोन कर दिया। तब पुलिस ने मौके पर आकर दोनों भाई-बहन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में भर्ती कराया और पड़ोसियों से उक्त घटना की पूरी जानकारी ली। उधर गंभीर हालत में यहां के चिकित्सकों ने दोनों भाई बहन को जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया।

भोपा पुलिस ने तीन बदमाशों को लंगड़ा कर किया गिरफ्तार

जून माह में जनसेवा केंद्र संचालक व किसान के साथ लूट की घटना को दिया था अंजाम

भोपा, 7 अगस्त (बु.)। ढाई माह पूर्व क्षेत्र में हुई लूट की घटना को अंजाम देने वाले चार शातिर बदमाशों को पुलिस ने नन्हेड़ा-बसेड़ा मार्ग पर मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया, जिनमें घायल हुए तीन बदमाशों को अस्पताल भेजा गया है। चौथे बदमाश से पुलिस पूछताछ करने में जुटी हुई है। गिरफ्तार बदमाशों पर जनपद सहित गैर जनपद के थानों में संगीन अपराधों में मुकदमे दर्ज बताये गये हैं।

भोपा पुलिस ने बुधवार की दोपहर नन्हेड़ा-बसेड़ा मार्ग पर चार बदमाशों को घेर लिया। बदमाशों ने नजदीक आता देख पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। जवाबी फायरिंग में पुलिस ने तीन बदमाशों के दोनों पैरों में गोली मारकर घायल कर गिरफ्तार कर लिया तथा चौथे बदमाश दीपक पुत्र देशपाल कश्यप निवासी गांव दरगाहपुर थाना झिंझाना को बिना घायल किये ही धर दबोचा। घायल बदमाशों की

पहचान रवि कुमार पुत्र राजपाल निवासी गाँव बरूकी थाना भोपा, बाबू पुत्र तरसपाल कश्यप निवासी गांव दुल्हेरा थाना शाहपुर, सोनू पुत्र राजवीर निवासी लोकुपुरा उत्तरी कस्बा भोकरहेड़ी थाना भोपा के रूप में हुई है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने मौके से 4,500 रुपये की नकदी सोने के कुंडल, सोने का ओम लिखा लॉकेट, चार मोटरसाइकिल चार तमंचे जिंदा व खोखा कारतूस बरामद किये हैं। बदमाशों ने बीते 24 जून की देर शाम गादला-बसेड़ा मार्ग पर राजबाहे की पुलिया के पास गादला निवासी जनसेवा केन्द्र संचालक फहीम व उसके दोस्त शोयब के साथ उस समय लूट की घटना को अंजाम दिया था, जब वह देर शाम बसेड़ा से मोबाइल खरीदकर वापस गाँव लौट रहे थे। बदमाशों ने दोनो दोस्तों के साथ मारपीट करते हुए। मोटरसाइकिल, मोबाइल व पचास हजार की नकदी को छीन लिया था, वहीं सिंचाई करने खेत पर आए किसान को भी रस्सी से बांधकर तीन सौ रुपये छीन लिये थे। बदमाश लूट की दो घटनाओं को अंजाम देकर मौके से फरार हो गये थे। घटना के बाद पुलिस को भारी फजीहत का सामना करना पड़ा था। अज्ञात के खिलाफ मुकदमे दर्ज कर तभी से पुलिस घटना के खुलासे के प्रयास में जुटी हुई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि चारों बदमाशों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास है, जिन पर विभिन्न थानों में अनेक मुकदमे दर्ज हैं।